प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/932 दिनांकः 21 मई, 2024

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले रेगुलर छात्र/छात्राओं को संस्थान स्तर पर किये गये डिटेन्ड किया गया है कि सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर विषयों के प्रथम चरण की लिखित परीक्षायें गत् वर्ष/सेमेस्टर की भाँति सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में ऑफ-लाइन मोड में दिनांक 08 जून, 2024 से 15 जुलाई, 2024 के मध्य आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के क्रम में आपके संस्थान में उक्त पाठ्यक्रमों के रेगुलर अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रायें जो संस्थान स्तर पर **विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत डिटेन्ड किया जाना है की सूची को विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर दिनांक 25 मई, 2024 को सायः 5.00 बजे** तक प्रत्येक दशा में अपलोड/प्रेषित करना सुनिश्चित करें। यदि संस्थान द्वारा डिटेन्ड छात्रों की सूची उक्त तिथि तक उपलब्ध/प्रेषित नहीं करायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि आपके संस्थान में कोई भी छात्र डिटेन्ड नहीं है तथा यदि उक्त के उपरान्त संस्था द्वारा किसी भी छात्र को डिटेन्ड किया जाता है एवं छात्र की परीक्षा प्रभावित होती है तो इसके लिए संस्थान/छात्र स्वयः उत्तरदायी होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए यथा समय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

21/05/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक